वी.यू. अन्तर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में पी.जी. एवं पी.एच.डी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा का सोशल डिस्टेंसिंग के साथ आयोजन

09 अक्टूबर 2020 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अन्तर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय मे माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में पी.जी. एवं पी.एच.डी. पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा सोशल डिस्टेंसिंग एवं आवश्यक सावधानियों के साथ आयोजित की गयी, विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में इसी वर्ष से पी. जी. पाठ्यक्रम शुरू हो रहा है, जिसमें 04 aquaculture एवं फिश recourse मैनेजमेंट सहित कुल 08 सीटों के लिये प्रवेश परीक्षा ली गयी, परीक्षा के लिये मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य प्रदेशों से भी छात्र सम्मिलित हुए, छात्रों का कहना था कि प्रदेश में पी.जी. पाठ्क्रम शुरू होने की वजह से अब उन्हें पी.जी. के लिये अन्य प्रदेशों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी साथ ही अपनी अभिरूचि के अनुसार विषय का चयन कर पायेंगे, परीक्षा के दौरान कॉलेज डीन डॉ. आर.पी.एस. बघेल, डॉ. एस. के. जोशी, डी.आई., एवं डॉ. एस.के. महाजन ने आकस्मिक निरीक्षण किया, परीक्षा समन्वयक डॉ. सोना दुबे के साथ डॉ. माधुरी शर्मा एवं शिवमोहन सिंह ने सफलता पूर्वक परीक्षा आयोजित करने में अपना योगदान दिया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर